# 10 जिलों में जल्द पूरा होगा 15 औद्योगिक क्षेत्रों का निर्माण

लखनऊ। प्रदेश के 10 जिलों में 15 औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना का कार्य जल्द पूरा होगा। इनके जरिये कुल 764.31 एकड़ में 872 प्लॉट पर एमएसएमई सेक्टर से जुड़े उद्यम लगाने में मदद मिलेगी। एमएसएमई सेक्टर से जुड़े 77 औद्योगिक एस्टेट और 158 मिनी इंडस्ट्रियल एस्टेट काम कर रहे हैं।

## एमएसएमई उद्यमियों को 764 एकड़ में मुहैया कराए जाएंगे 872 प्लॉट

947 प्लॉट और 10179 शेडों का विकास एमएसएमई सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए किया गया है। इससे 11,126 उद्यमों के संचालन का रास्ता साफ हुआ है। यही नहीं राज्य में सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम से जुड़े 235 औद्योगिक एस्टेट एमएसएमई सेक्टर को पहले से रफ्तार दे रहे हैं।

**फ्लैटेड फैक्टरी कॉम्प्लेक्स से मिलेगा उद्योगों को बढ़ावा** : कानपुर में कुल 15500 वर्ग फीट और आगरा में कुल 38,500 वर्ग फीट क्षेत्र में फ्लैटेड फैक्टरी कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया गया है। ये कॉम्प्लेक्स पूरी क्षमता से कार्य कर रहे हैं। गाजियाबाद और लखनऊ में भी फ्लैटेड फैक्टरी कॉम्प्लेक्स योजना को केंद्र सरकार की मंजूरी मिल चुकी है। लखनऊ में भी 7901.6 वर्ग फीट क्षेत्र में फ्लैटेड फैक्टरी कॉम्प्लेक्स के निर्माण व विकास की प्रक्रिया जारी है। इनके निर्माण से उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। ब्यूरो